आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 10.03.2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नए फोर-लेन कॉरिडोर को स्वीकृति प्रदान की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तमिलनाडु में 5 हज़ार 600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे ।
- प्रदेश कैबिनेट ने आज राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की।
- भोपाल में कल राष्ट्रीय महिला आयोग की विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

मंत्रिमंडल बैठक

मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन को बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर सेवा वितरण के स्तर तक पुनर्गठित किया जाना है। जल जीवन मिशन के पुनर्गठन के लिए मंत्रिमंडल ने इसके कुल परिव्यय को बढाकर 8 लाख 69 हजार करोड रुपये कर दिया है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 3 लाख 59 हजार करोड़ रुपये की सहायता शामिल है।आर्थिक मामलों की समिति ने बदनवार-पेटलावाद-थंदला-तिमरवानी खंड से चार-लेन कॉरिडोर के विकास को भी मंजूरी दी है। यह कॉरिडोर उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तिमरवानी इंटरचेंज से जोड़ेगा।

प्रधानमंत्री-तिरुचिरापल्ली दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग पांच हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे तमिलनाडु में एनडीए की एक रैली को भी संबोधित करेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय-यूसीसी

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि समान नागरिक संहिता- यूसीसी लागू करने का समय आ गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने की याचिका को एक अच्छा मामला बताया और कहा कि

इस पर केवल विधायिका को ही विचार करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करने से एक कानूनी शून्य उत्पन्न हो जाएगा, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है।

मुख्यमंत्री- खण्डवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खण्डवा जिले के श्री ओंकारेश्वर पहुँचकर भगवान ममलेश्वर का पूजन किया। मुख्यमंत्री ने दादा गुरु जी की चौथी 'नर्मदा यात्रा' के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और दादा गुरु जी के साथ गजानन आश्रम से ममलेश्वर मंदिर तक हाथ में नर्मदा जल का कलश लेकर पदयात्रा की।

राज्य -कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही, किसानों के हित में गेहूं उपार्जन पर 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने का निर्णय लिया गया है, जिससे अब गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी।

साथ ही कैबिनेट ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता के लिए 33 हजार 240 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। निःशक्तजनों को वृत्तिकर में छूट की अवधि बढ़ाकर 31 मार्च 2030 कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और पेयजल के लिए भी 6090 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनेगा, जहाँ आगामी दो महीनों में चीते छोड़े जाएंगे। कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम और यूपीएससी में चयनित प्रदेश के युवाओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी को अंतर्राष्ट्रीय 'ग्रीन डेस्टिनेशन' प्रमाणन मिलने पर हर्ष जताया और बताया कि खाड़ी देशों में फंसे मध्यप्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन शुरू कर दी गई है।

वस्तु अधिनियम

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 लागू किया है। एक

राष्ट्रीय महिला आयोग

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर कल भोपाल प्रवास पर रहेंगी। वे यहाँ महिलाओं से संबंधित शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक विशेष जनसुनवाई करेंगी। यह जनसुनवाई पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं और लंबित मामले सीधे आयोग की अध्यक्ष के समक्ष रख सकेंगी।

अग्निवीर भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी एक अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय महू से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष क्रमांक 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में :-

- खंडवा में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका लगाया जा रहा है।
- गुना कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।
- वही बैतूल कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुन कर त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।
- शिवपुरी जिले में मप्र ग्रामीण आजीविका महिलाओं को जैविक खेती से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम रायश्री की समूहों की दीदियों द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया।
- मंदसौर कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में 40 आवेदकों की समस्याएं सुनीं।
- आगरमालवा जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से “जल गंगा संवर्धन अभियान” का शुभांरभ 19 मार्च से होगा।
- नर्मदापुरम जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक तथा प्रशिक्षण आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।